श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 117, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरुवार, 3 दिसंबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## कौशांबी में स्कार्पियो पर पलटा स्टोन डस्ट से लदा डंपर, आठ बरातियों की मौत

**कड़ाधाम कोतवाली इलाके के देवीगंज चौराहे के पास स्कार्पियो रुकी थी। इसी दौरान जा रहा गिट्टी पाउडर लदा डंपर खड़ी स्कार्पियो पर पलट गया। स्कार्पियो में 10 लोग सवार थे। इनमें तीन परिवार की छह महिलाएं और दो बच्चों की मौत हो गई।**



घटनास्थल पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी लोगों से पूंछताछ करते हुए



क्रेन द्वारा ट्रक को हटाते हुए

**प्रयागराज, जेएनएन।** यूपी के कौशांबी जिले में मंगलवार की रात करीब तीन बजे बड़ा हादसा हो गया। कड़ाधाम कोतवाली इलाके के देवीगंज चौराहे पर खड़ी स्कार्पियो के ऊपर गिट्टी का चूरा (स्टोन डस्ट) लदा डंपर पलट गया। इससे स्कार्पियो में सवार लोग दब गए। हादसे में स्कार्पियो के चालक समेत आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के दौरान दो लड़कियों ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। स्कार्पियो में कुल 10 लोग सवार थे। मृतकों में तीन परिवार की छह महिलाएं व दो बच्चे हैं।

कोखराज थाना क्षेत्र के शहजादपुर से बरात मंगलवार को कड़ा धाम थाना इलाके के देवीगंज में आई थी। पंकज गुप्ता पुत्र मोहनलाल गुप्ता की शादी थी। विवाह समारोह देवीगंज के माहेश्वरी गार्डेन में संपन्न हुआ। कन्या पक्ष के लोग फतेहपुर के दावतमई कसार के रहने वाले थे। देवनारायण की पुत्री विमला की शादी थी। बुधवार की देर रात करीब तीन बजे बरात में शामिल लोग एक स्कार्पियो में सवार होकर वापस शहजादपुर लौट रहे थे। स्कार्पियो में 10 लोग सवार थे। इनमें तीन परिवार की छह महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल थे। कड़ाधाम कोतवाली इलाके के देवीगंज चौराहे के पास स्कार्पियो रुकी थी। इसी दौरान जा रहा एक गिट्टी पाउडर लदा डंपर अनियंत्रित हो गया और खड़ी स्कार्पियो पर पलट गया।

डंपर के नीचे दबने से स्कार्पियो सवारों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों की नींद खुली। मौके पर पहुंचे लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। तब तक सूचना पाकर संबंधित थाने की पुलिस भी पहुंच गई। क्रेन बुलवाकर स्कार्पियो के ऊपर से डंपर को हटाया गया। इसके बाद स्कार्पियो सवार लोगों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू हुआ।


स्कार्पियो में फंसे लोगों को किसी प्रकार बाहर निकाला गया। इस दौरान आठ लोगों की मौत हो चुकी थी। उधर हादसे के दौरान खतरा देखकर स्कार्पियो में सवार दो लड़कियों ने कूदकर अपनी जान बचा ली। कुछ ही देर में वहां कई थानों की फोर्स के साथ डीएम और एसपी के साथ अन्य अधिकारी भी पहुंचे।

मरने वालों में- 1- शशि 35 पति रमेश अग्रहरी, निवासी रामानंद नगर अल्लापुर प्रयागराज 2- ओम गुप्ता 10 वर्ष पुत्र रमेश अग्रहरि, निवासी रामानंद नगर अल्लापुर प्रयागराज 3- प्रकाशनी 50 वर्ष पत्नी बसंत लाल गुप्ता, निवासी राजरूपपुर धूमनगंज प्रयागराज 4- नेहा उर्फ रिचा गुप्ता 28 वर्ष पुत्री बसंत लाल, निवासी राजरूपपुर धूमनगंज प्रयागराज 5- पूनम देवी 40 पति हनुमान प्रसाद, निवासी शहजादपुर कौशांबी 6- स्नेहा गुप्ता उर्फ मुस्कान 15 पुत्री हनुमान प्रसाद, निवासी शाहजहांपुर कौशांबी 7- सोमा तिवारी 16 पुत्री इंद्रनारायण, निवासी शाहजहांपुर कौशांबी 8- शिवराज 24 पुत्र हरिनारायण मऊ बालक मऊ कोखराज (स्कार्पियो चालक)।

हादसे में बचीं- 1- खुशी अग्रहरि (16) पुत्री हनुमान प्रसाद, निवासी शहजादपुर कौशांबी।

## जजों और महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के लिए हाई कोर्ट के पूर्व जज कर्णन गिरफ्तार

**मद्रास और कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सीएस कर्णन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ महिलाओं और जजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो क्लिप सामने आने के बाद यह गिरफ्तारी हुई है।**



**चेन्नई, प्रेट्र।** मद्रास और कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सीएस कर्णन को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके खिलाफ महिलाओं और जजों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो क्लिप सामने आने के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। वीडियो में कर्णन ने जजों और उनकी पत्नियों के खिलाफ टिप्पणी की है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें सेंट्रल क्राइम ब्रांच के कर्मियों ने उनके आवास से गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ भादवि की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि उनपर महिलाओं को अपमानजनक रूप से पेश (निषेध) अधिनियम के अलावा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए सूचना तकनीक अधिनियम की धारा 67 ए के तहत भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में एक महिला वकील ने औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के बाद कर्णन को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा। जून 2017 में कर्णन एक महीने तक गिरफ्तारी से बचते रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवमानना का दोषी ठहराए जाने और छह माह साधारण कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद वे तमिलनाडु में कोयंबटूर से गिरफ्तार हुए थे। वह दिसंबर 2017 में कोलकाता की प्रेसिडेंसी जेल से रिहा हुए थे।

## देश में कोरोना के सक्रिय मामले 132 दिन के निचले स्तर पर, 89 लाख से ज्यादा ने दी कोरोना को मात



**जेएनएन, नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच एक राहत देने वाला आंकड़ा सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 132 दिन के निचले स्तर पर आ गई है। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 36 हजार से ज्यादा नए मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 94.99 लाख पर पहुंच गया है। इनमें से सक्रिय मरीजों की संख्या 4.28 लाख है। कुल मामलों की तुलना में यह 4.51 फीसद है। इससे पहले 23 जुलाई को सक्रिय मामलों की संख्या 4.26 लाख पर रही थी। इसके बाद से सक्रिय मामले लगातार 4.30 लाख या इससे ज्यादा बने हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 89 लाख से ज्यादा लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। इस तरह से ठीक होने की दर 94.03 फीसद पर पहुंच गई है। लगातार पांच दिन से रोजाना ठीक होने वालों की संख्या नए मामलों से कम है। ठीक होने वालों में 78.35 फीसद लोग 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 6,290 लोग एक दिन में ठीक हुए हैं। केरल में 6,151 और दिल्ली में 5,036 लोग एक दिन में ठीक हुए हैं। रोजाना सामने आने वाले नए मामलों में भी 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की हिस्सेदारी 77.25 फीसद है। केरल में सबसे ज्यादा 5,375 नए मामले आए हैं। इस बीच, जान गंवाने वालों की संख्या 1.38 लाख पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 501 लोगों ने कोरोना संक्रमण के कारण जान गंवाई है। इसमें 79.84 फीसद मामले 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 95 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में 86 और बंगाल में 52 लोगों की जान कोरोना के कारण गई है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) के मुताबिक, अब तक कुल 14.24 करोड़ लोगों की जांच हुई है। अकेले मंगलवार को 10,96,651 लोगों की जांच हुई।

## भारत-चीन सीमा पर चारधाम सड़कों को चौड़ा करने पर हो विचार : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चारधाम हाईवे प्रोजेक्ट की निगरानी कर रही अपनी उच्चाधिकार प्राप्त समिति से रक्षा मंत्रालय समेत उन सभी आवेदनों पर दो हफ्ते में विचार करने को कहा जिसमें भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सड़कों की चौड़ाई सात मीटर तक करने की मांग की गई है। 900 किमी के रणनीतिक चारधाम हाईवे प्रोजक्ट का मकसद यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को हर मौसम में सड़क मार्ग से जोड़े रखना है।

रक्षा मंत्रालय ने शीर्ष अदालत के आठ सितंबर के उस आदेश में संशोधन की मांग की है जिसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर रखने संबंधी 2018 के परिपत्र का अनुपालन करने के लिए कहा गया था। जस्टिस आरएफ नरीमन, जस्टिस नवीन सिन्हा और जस्टिस केएम जोसेफ की पीठ ने सभी आवेदनों पर नोटिस जारी करते हुए मामले की सुनवाई जनवरी, 2021 के तीसरे हफ्ते तक स्थगित कर दी। रक्षा मंत्रालय ने अपने आवेदन में ये निर्देश देने की मांग की है कि ऋषिकेश से माना, ऋषिकेश से गंगोत्री और टनकपुर से पिथौरागढ़ तक राष्ट्रीय राजमार्गों को दो लेन में विकसित किया जाए। ये तीन राजमार्ग जोशीमठ, उत्तरकाशी, रुड़की, रायवाला, देहरादून, टनकपुर, पिथौरागढ़ इत्यादि स्थानों पर सेना अथवा भारत तिब्बत सीमा पुलिस के ठिकानों को चीन से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा या वास्तविक नियंत्रण रेखा से जोड़ते हैं। मंत्रालय का कहना है कि उच्चाधिकार प्राप्त समिति के चेयरमैन रवि चोपड़ा समेत पांच सदस्यों की अल्पमत रिपोर्ट ने 20 सितंबर, 2019 को दिए सेना प्रमुख के उस बयान को आधार बनाया जिसमें उन्होंने कहा था कि भागीरथी इको सेंसिटिव जोन में वर्तमान सड़कों के जरिये सेना की जरूरतों को पर्याप्त तरीके से पूरा किया गया है। लेकिन इस साल की शुरूआत से जमीनी हालात काफी बदल चुके हैं और यह आवश्यक हो गया है कि मानव संसाधन और उपकरणों का सैन्य ठिकानों से भारत-चीन सीमा तक सुचारू आवागमन हो सके। इन हालात में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पांच अक्टूबर, 2012 और 23 मार्च, 2018 को जारी परिपत्र (सड़कों की चौड़ाई पर) उन सड़कों के बारे में बात नहीं करते जिनकी जरूरत सीमा पर जवानों, हथियारों, तोपों और टैंकों की आवाजाही के लिए है। इस उद्देश्य से सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए दो लेन की सात मीटर चौड़ाई की सड़कें जरूरी हैं। चूंकि इसमें देश की सुरक्षा शामिल है इसलिए अदालत के आठ सितंबर के आदेश में संशोधन करना जरूरी है।

## म0प्र0 में खुलेंगी निजी मंडियां, व्यापारियों को खरीद केंद्र की भी मिलेगी अनुमति

**मध्य प्रदेश में जल्द ही निजी मंडियां स्थापित की जा सकेंगी। शिवराज सरकार इसके लिए अनुमति देने की तैयारी में है। अनुमति मिलने पर व्यापारी भी उसी तरह निजी खरीद केंद्र बनाकर किसानों से फसल खरीद सकेंगे जिस तरह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार फसल खरीद करती है।**



**भोपाल, राज्य ब्यूरो।** मध्य प्रदेश में जल्द ही निजी मंडियां स्थापित की जा सकेंगी। शिवराज सरकार इसके लिए अनुमति देने की तैयारी में है। अनुमति मिलने पर व्यापारी भी उसी तरह निजी खरीद केंद्र बनाकर किसानों से फसल खरीद सकेंगे, जिस तरह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार फसल खरीद करती है। भंडार गृह, साइलो केंद्रों में भी खरीद करने की अनुमति मिलेगी। इसके लिए डीम्ड अनुमति दी जाएगी। इसमें व्यापारियों को पंजीयन कराना होगा। किसानों के साथ कोई फर्जीवाड़ा न हो, इसके लिए निगरानी और सुनवाई की तगड़ी व्यवस्था रहेगी।

मध्य प्रदेश सरकार कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 में संशोधन करके यह प्रविधान लागू करने जा रही है। प्रदेश में केंद्र सरकार के मॉडल एक्ट के तहत मंडी अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी किया गया था, लेकिन यह विधेयक का रूप नहीं ले सका और निश्चित समय अवधि बीत गई। अब तय किया गया है कि 28 दिसंबर से प्रस्तावित विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र में संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें केंद्रीय कानून के सभी बिंदु शामिल रहेंगे। इससे किसानों को यह फायदा होगा कि वे अपनी उपज कहीं भी बेच सकेंगे। वहीं, व्यापारियों को मंडियों के बाहर भी खरीद की अनुमति होगी।

केंद्र सरकार ने किसानों को उपज की वाजिब कीमत दिलाने और मंडी आने के चक्कर से मुक्ति दिलाने के लिए नए प्रविधान लागू किए हैं। इसमें कृषि उपज के मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के कदम उठाए गए हैं। अधिनियम में यह प्रविधान है कि किसान खेत, खलिहान, घर या निजी खरीद केंद्र से अपनी उपज व्यापारी को बेच सकता है। इस व्यवस्था में उसे मंडी या उपार्जन केंद्र में ही फसल बेचने के बंधन से मुक्ति मिलेगी। पंजीयन कराकर खरीद नीलामी के माध्यम से खरीद केंद्र और निजी मंडी में करनी होगी। व्यापारी सुविधा के अनुसार उपज खरीदेगा और बेरोकटोक कहीं भी भेजेगा। इसके लिए नाका व्यवस्था खत्म की जा चुकी है। अब तय किया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा मंडी अधिनियम में केंद्र सरकार के कानून के हिसाब से बदलाव करके लागू किया जाएगा। इसमें एक लाइसेंस पर प्रदेश में कहीं भी खरीद करने की पात्रता भी दी जाएगी।

प्रस्तावित विधेयक के मसौदे को लेकर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस कृषि और मंडी बोर्ड के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं। कृषि मंत्री कमल पटेल का कहना है कि किसानों के हित में भाजपा सरकार लगातार कदम उठा रही है। केंद्र सरकार ने क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। प्रदेश में मंडियों को स्मार्ट मंडी में परिवर्तित किया जाएगा। अध्यादेश की जगह विधेयक लाने की तैयारी चल रही है। प्रस्तावित मंडी अधिनियम में कृषि विभाग के अंतर्गत संचालक विपणन का नया पद बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। निजी मंडी, निजी खरीद केंद्र और डीम्ड मंडी की अनुमतियां एकल खिड़की व्यवस्था से दी जाएंगी। निगरानी व्यवस्था इसी संचालक के अंतर्गत रहेगी।

## एनजीटी ने पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सभी प्रकार के पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। ट्रिब्यूनल ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के दौरान एनसीआर और देश के ऐसे सभी शहरों, कस्बों में जहां की हवा की गुणवत्ता 'खराब' और इससे भी ज्यादा की श्रेणी में है वहां रोक लगाई जा सकती है।

एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने निर्देश में उन शहरों, कस्बों में जहां हवा की गुणवत्ता सामान्य या ग्रीन पटाखे तक न्यून है वहां पटाखों का इस्तेमाल नियंत्रित करने और जलाने की अवधि दो घंटे तक सीमित रखने को कहा है।

क्रिसमस और नये साल के अवसर पर केवल रात 11:55 से 12:30 तक ही ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल किया जा सकता है। वहां यह ध्यान रखना होगा कि हवा की गुणवत्ता सामान्य या न्यून हो। एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस आदर्श कुमार गोयल ने सभी जिला दंडाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री न हो और उल्लंघन करते पाए गए लोगों से क्षतिपूर्ति की वसूली की जाए।

## हाथरस मामले में केरल के पत्रकार मामले की जांच में चौंकाने वाले निष्कर्ष : यूपी सरकार



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** हाथरस कांड के बाद मचे बवाल के बीच वहां जा रहे केरल के पत्रकार सिद्दिक कप्पन की गिरफ्तारी मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा। कहा कि पत्रकार के खिलाफ जांच में 'चौंकाने वाले निष्कर्ष' सामने आए हैं। कप्पन ने केरल के जिस दैनिक अखबार के लिए काम करने का दावा किया था, वह दो साल पहले 2018 में ही बंद हो चुका है। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली एक पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह जानकारी दी।

कोर्ट केरल श्रमिक पत्रकार संघ (केयूडब्ल्यूजे) की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने याची से पूछा कि क्या वह हाई कोर्ट जाना चाहेगा। कप्पन को 5 अक्टूबर को हाथरस जाते समय गिरफ्तार किया गया था। उप्र सरकार ने हाल ही में दाखिल अपने हलफनामे में दावा किया था कि कप्पन पत्रकारिता के नाम पर एक साजिश के तहत जातीय विभेद पैदा करने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की नीयत से हाथरस जा रहा था।

केयूडब्ल्यूजे की ओर पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में अन्य आरोपितों के मामले में हाई कोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर एक महीने का समय दिया है। लिहाजा वह वह शीर्ष अदालत में ही अपनी बात रखेंगे।इस पर मेहता ने कहा कि वकील कप्पन से मिल चुके हैं और आरोपित यहां पक्षकार नहीं है। सिब्बल ने जब पत्रकार अर्नब गोस्वामी को शीर्ष अदालत से अंतरिम जमानत मिलने की दलील दी तो कोर्ट ने कहा कि हर मामला अलग होता है। हम मामले की सुनवाई कानून के मुताबिक ही करेंगे और इस केस की सुनवाई हाई कोर्ट में होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ सुनवाई अगले सप्ताह के लिए मुकर्रर कर दी।

शीर्ष अदालत ने हाथरस प्रकरण से ही जुड़े एक अन्य मामले की सुनवाई से इन्कार कर दिया, जिसमें पीड़िता की फोटो मीडिया में प्रकाशित किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि वह कानून नहीं बना सकता और याची इस मामले में सरकार से अपनी बात कह सकते हैं।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर का किया जायेगा आयोजन

**प्रयागराज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि दिनांक 03 दिसम्बर, 2020 को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज द्वारा राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी0पी0आई0 कैम्पस, प्रयागराज में पूर्वान्ह 11:00 बजे कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, वैशाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर आदि निःशुल्क वितरित किये जायेंगे। इच्छुक दिव्यांगजन अपने आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होकर शिविर में लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## दहेज के लिए विवाहिता की गला घोंटकर उतारा मौत के घाट


मृतका की फाइल फोटो

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के नीमि थरिया गांव में दहेज के लिए एक विवाहिता को ससुराली जनों ने गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। सरायममरेज गांव निवासी संगम लाल पटेल अपनी पुत्री प्रियंका की शादी 20 जून 2019 में नीमी थरिया गांव निवासी अशोक कुमार पटेल पुत्र नाथू राम जो मर्चेंट नेवी में नौकरी करता है। मंगलवार की शाम प्रियंका के ससुराल के लोग उसके मायके फोन करके प्रियंका की तबियत खराब होने की सूचना दी। सूचना पर पिता संगमलाल नीमि थरिया गांव पहुंचा तो देखा कि प्रियंका बेड पर मृत पड़ी मिलीं। फिर भी ससुरालजनों को विश्वास नही हुआ तो एक निजी हॉस्पिटल में ले गये जहा डॉक्टर ने मृत्यु की पुष्टि कर दिया। मृतक के गले में रस्सी का निशान देख मायके के लोग दहेज के लिए गला घोंटकर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी।सूचना पर थानाध्यक्ष उतरांव सीबी मौर्य मयफोर्स मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित पिता पुत्र को पुलिस ने दबोच लिया हैं। वही मृतक के पिता की तहरीर पर उतरांव पुलिस ने पति समेत पांच पर दहेज हत्या समेत कई सगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**चाकवन कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में सांड को बचाने के चक्कर में एक कार चालक ने एक युवक को टक्कर मार दिया है जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है युवक कासिया गांव का रहने वाला बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया गांव के हाइवे पर एक तेज गति इको कार सांड से भीषण टक्कर के कारण रोड़ पार कर दूसरी तरफ जा पहुँची और काशिया गांव निवासी नितिन मौर्य उम्र 32 वर्ष पुत्र पोला मौर्य को कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया लोगों के अनुसार गंभीर स्थित में युवक को कोखराज पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है।

### करछना में रोज-रोज जाम से लोग परेशान

**करछना।** इन दिनों विवाह के लग्न मूहुर्त का सीजन होने और बाजारों में अतिक्रमण के चलते करछना बाजार में प्रायः प्रतिदिन जाम के झाम से लोगो को जूझना पडता है इससे व्यापारी और राहगीरो को भारी फजीहत उठानी पडती है।लोगो का कहना है कि जाम की इस समस्या से स्थानीय अधिकारी अनजान बने है जाम मे कभी कभार गभीर मरीज भी फसे रहते है जिससे उनका समय पर उपचार न होने तबियत और भी विगड जाती है।करछना बाजार के समीप थानाएतहसील ब्लाक और बैक के साथ.साथ कई नर्सिग होम भी है जहा काम से आये लोग सडक के पास ही बेतरतीब वाहन खडी कर देते है इससे कार्यालयो मे लोगो को आने जाने मे भी दिक्कत होती है वही दोपहर और शाम को बडी सख्या मे घर लौटते समय जाम लग जाने से कई वाहन और लोग घंटो जाम मे फस रहे है।स्थानीय बाजार वासियो ने प्रशासन से निजात पाने के लिए गुहार लगाई है।

## रिटायर्ड सिपाही के घर चोरी


चोरों द्वारा तोड़ा गया बक्से का ताला

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवा गाँव निवासी देवी प्रसाद मिश्र रिटार्यड आबकारी सीपाही के घर मंगलवार बीती रात चोरों ने दीवार फांद कर छत के रास्ते से अंदर दाखिल हुए और कमरे मे रखा दो संदूख अटैची का ताला तोड़कर उसमें रखा लाखों के गहने पायल, हार, अँगूठी, तथा 60हजार नगदी पार कर दिए। घरके सभी लोग बरामदे में सोरहे थे सुबह कमरे का सारा सामान बिखरा देखा तो सन्न रह गए। भुक्तभोगी के पुत्र शैलेश कुमार मिश्र ने पुलिस को तहरीर दी है।

वहीं पड़ोस के ज्ञानेंद्र मिश्र के घर से भी उक्त चोरों ने गहने ना मिलने पर बर्तनों पर हाथ साफ किया। भुक्त भोगी के अनुसार पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी प्राप्त होने पर भी स्थानीय थाने से कोई भी सिपाही या दरोगा मौके पर नहीं पहुंचा सिर्फ 112नं की पुलिस मौकेपर पहुँचकर खाना पूर्ति किया।

## शादी समारोह में हुआ कोविड-19 गाइडलाइन का पालन


मास्क पहनें दूल्हा दुल्हन व आशीर्वाद देते रिश्तेदार

**उतरांव।** शादी का मंडप भरपूर सजा है बैंड बाजा भी है और डीजे भी है। दूल्हा और दुल्हन के मुंह में मास्क बधा हुआ है। हां जी कोरोना काल में कुछ ऐसा ही नजारा मंगलवार को उत्तराव थाना क्षेत्र समो धीपुर गांव में एक सादगी भरी शादी में देखने को मिला। महामारी को रोकने के लिए देशभर में जहां कई दिनों तक लॉकडाउन रहा। लेकिन पूर्व में निर्धारित विवाह आयोजन अभी बहुत सादगी के साथ संपन्न हो रहे है। मंगलवार को एक ऐसा विवाह संपन्न हुआ जहां वर वधू मुंह में मास्क लगाकर स्टेज पर बैठे हुए थे। सीमित लोग शादी समारोह में उपस्थित थे।जो पूर्व से गाइडलाइन का पालन करने में जुटे हुए थे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष शादियों में धूम देखने को नहीं मिल रहा है। फिर हाल कोरो ना काल में लोग बहुत बच बचाकर शादी समारोह को संपन्न कराने में जुटे हुए हैं। समुद्र पुर गांव निवासी जगदीश कुमार पुष्कर अपने बेटे संदीप कुमार पुष्कर की शादी नीलम के साथ की। जहां घर पर बहुभोज कार्यक्रम में कोरोना के बचाव में सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन का पूर्णता पालन करते हुए सजी स्टेट पर बैठे हुए वर वधु मास्क लगाकर उचित दूरी पर बैठे।वही ऊपर दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद के देने जा रहे हैं लोग भी मास्क का प्रयोग किए। जिसे देखकर गांव के दशेर मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार पुष्कर उर्फ पिंटू मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक पुष्कर उर्फ राजू, प्रदीप कुमार, संदीप विश्वकर्मा, देवनाथ, शंकर लाल अवधेश आदि ने जमकर तारीफ करते हुए लोगों को कोरोना से बचने के प्रति जागरूक किया।

## नव विवाहिता के सिर में गंभीर चोटें पहुंचा कर की गई थी हत्या हत्यारोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी

**मऊआइमा।** नव विवाहिता के सिर में गंभीर चोटें पहुंचा कर की गई दहेज हत्यारोपियों की पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है । जबकि आरोपी के पूरा परिवार फरार है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी मोहम्मद खलील के पुत्र मोहम्मद नफीस की बारात रविवार को सोरांव के ग्राम सेवाइथ गयी थी । जहां नफीस का निकाह नुजहत बानों पुत्री मोहम्मद नसीम के साथ हुआ नुजहत दूल्हन बन कर रविवार को शाम के समय पूरे मियां जी आ गई । रात में दूल्हा नफीस नुजहत के कमरे में चला गया।सोमवार को सुबह नफीस का कुछ पता नहीं चला जबकि दूल्हन बनी नुजहत सुहाग की सेज पर मृत पडी मिली थी । सूचना पर मयके पक्ष और पुलिस भी पहुंच गयी। मृतका के भाई मोहम्मद अदनान ने मृतका नुजहत के पति नफीस ,जेठ रईस ,ससुर खलील के खिलाफ दहेज में बाइक न मिलने पर हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। पोस्टमार्टम के बाद रिपोर्ट में नवविवाहिता के सिर में गंभीर चोट पहुंचा कर हत्या कर देने की पुष्टि हुई है । पुलिस का कहना है कि आरोपी फरार हैं । गिरफ्तारी के लिए संभावित ठेकानों पर दबिश दी जा रही है । जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेटियाँ समाज के लिए वरदान : श्रीमती उमा पटेल

**करमा।** आज की बेटियाँ ही भविष्य की बहू एवम माँ होती हैं इसलिए बेटियों कों जितना अधिक संस्कार, शिक्षा एवम रोजगार के प्रशिक्षण प्रदान किये जायेंगे भविष्य में समाज एवम परिवार उतनी ही तीव्र गति से मजबूत होगा साथ ही यदि बेटियाँ सुशिक्षित एवम संस्कारवान होंगीं तों भविष्य भी आचरण, सम्मान एवम उज्जवल चरित्र रूपी इत्र से महकेगा उक्त बातें गौहनिया में स्थित एक सिलाई कढाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाने वाली घूरपुर के मनकवार, कोइलीतारा की श्री मती उमा पटेल पर चरितार्थ होती हैं श्रीमती पटेल पिछले पंद्रह वर्षों से क्षेत्र की बारी बजहिया, करमा, कांटी, टिकरी, मनकवार, सेमरा इत्यादि सैकड़ो गाँव की बेटियाँ सिलाई कढाई का प्रशिक्षण लेकर अपने भविष्य कों रोशन कर रहीं हैं उक्त संस्थान की संचालिका श्री उमा पटेल का मानना हैं यदि स्त्रियों कों समान शिक्षा एवम अवसर प्रदान किया जाएं तों बेटियाँ आगे चलकर समाज एवम परिवार के लिए अभिमान साबित होती हैं बताया जाता हैं कि अब तक लगभग 1000से अधिक बेटियों कों श्रीमती उमा पटेल के द्वारा प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना चुकी हैं।

## मऊआइमा में फिर पाए गए चार पाजिटिव सभी को किया गया होम क्वारंटाइन



**मऊआइमा।** कोरोना का कहर इस समय कम जरूर हुआ है परन्तु खत्म नहीं हुआ है। टेस्टिंग के दौरान चार महिलाएं कोरोना पाजिटिव पायी गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र में कोरोना का कहर कम जरूर हो गया है परन्तु खत्म नहीं हुआ है। शादी विवाह में कोई कोविड 19 का पालन नहीं कर रहा है न ही मास्कों का प्रयोग कर रहा है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा बताया गया है कि कोरोना टेस्टिंग निरंतर जारी है । जांच में इस दरम्यान में ग्राम मरखामऊ में एक 32 वर्षीय महिला, ग्राम अलीवृसिंहपुर में एक 40 वर्षीय महिला, ग्राम हरिसेनगंज में एक 25 वर्षीय महिला, ग्राम खरगापुर में एक 28 वर्षीय महिला कोरोना पाजिटिव पायी गयी है । सभी को होम क्वारंटाइन कर दिया गया है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा बताया गया है कि सभी को सावधानी बरतने और मास्क का प्रयोग करने एंव दो गज की दूरी बनाए रखने की अपील बराबर की जा रही है।

### पेड़ों से ही खत्म हो सकता है प्रदूषण : राघवेन्द्र

**करमा।** आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर करछना क्षेत्र के अमिलों में युवा समाजसेवी श्री राघवेन्द्र ठकुरिया जी के नेतृत्व में पीपल, अर्जुन, सहजन, गिलोय, तुलसी इत्यादि औषधीय पौधों कों रोपा गया इस अवसर पर श्री ठकुरिया नें ग्रामीणों में वृक्षों की महत्ता पर बोलते हुए बताये कि दिनों दिन पर्यावरण में प्रदूषण तीव्र गति से बढ़ता जा रहा हैं जिसे केवल पेड़ ही रोक सकते हैं इसलिए सभी का यह नैतिक दायित्व होना चाहिए कि प्रतिवर्ष कम से कम दस लम्बी आयु एवम औषधीय पौधें अवश्य लगायें साथ ही श्री ठकुरिया नें तुलसी, एलोवेरा ,गिलोय इत्यादि प्राकृतिक औषधियों के सेवन एवम महत्ता पर भी ग्रामीणों कों अवगत करवाएं साथ ही कोरोना महामारी से निपटने एवम इम्यूनिटी में इन प्राकृतिक औषधियों कों संजीवनी के रूप में स्वीकार किये ।


राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाते भाजपाई

## राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्म दिवस यमुनापार के भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया

**करछना।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार काशी क्षेत्र मंत्री मोहितोष नारायण व जिला अध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने रामपुर वृजमंगल इंटर कालेज मे ही बैठक सम्पन्न होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिवस पर केक काटकर लम्बी उम्र की प्रार्थना करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में बचे हुए राज्यो मे कमल खिलाने की बात कही। और सभी कार्यकताओं को केक और लड्डू वितरण कर जन्मदिवस का उत्सव मनाया। इस अवसर पर त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,राजेश्वरी तिवारी,सुरेश शुक्ला,विक्रमाजीत मौर्य,दिलीप कुमार चतुवेर्दी,सुरेश शुक्ला,प्रकाश प्रचंड शुक्ला, पंकज द्विवेदी,दुर्गा पांडेय, हृदयेश मिश्रा, दिनेश प्रजापति, ज्ञान सिंह पटेल आदि भारी संख्या में जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

### कोविड -19से डरकर नही डटकर दूर भगाएं : गौतम कुमार

**करमा।** व्यक्ति में मौजूद उसका धैर्य एवम अडिग विश्वास ये दो ऐसे अस्त्र जिसके सामने बड़ी से बड़ी विपदाओं कों घुटने टेकना पड़ा तों फिर कोविड -19की क्या बिसात उक्त बातें समदरिया स्पेशल स्कूल दांदूपुर कें युवा समाजसेवी गौतम कुमार नें वर्चुअल बैठक कें माध्यम से युवाओं कें संबोधन में व्यक्त किये कार्यक्रम कों मुख्य वक्ता कें रूप से गौतम कुमार नें युवाओं कों धैर्य से काम लेनें एवम प्रशासनिक दिशा निदेर्शों कें पालन पर बल दिए साथ ही श्री कुमार नें यह भी कहा कि किसी भी क्षेत्र में लापरवाही बरतने पर व्यक्ति निज जीवन में काफी पीछे जाता अतएव कोविड -19पर भी लापरवाही का खामियाजा स्वयं कें साथ समाज कों भी काफी क्षतिपूर्ति करनी होगी इसलिए कोरोना महामारी से डरने कें बजाय डटकर सावधानी बरतने की जरूरत हैं साथ ही श्री कुमार नें सभी लोग से दो गज की दूरी एवम मास्क पहनने हेतु अपील भी किये । उक्त कार्यक्रम में जसरा, चाका , कौंधियारा समेत जनपद कें काफी संभ्रातों एवम युवाओं नें आनलाइन परिचर्चा में भाग लिए ।गौतम कुमार प्रायः वाल पेंटिग एवम पोस्टर वार के माध्यम से युवाओं में नशामुक्ति एवम कोरोना बचाव तरीके पर भी जागरूक कर चर्चा में रहें हैं ।

## रामपुर में सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आरम्भ


क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

**करछना।** सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रामपुर हल्दी में उद्घाटन बुधवार को रामपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें करीब 16 टीमो भाग लिया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां समाजसेवी व डॉक्टर व डॉक्टर हूर फातमा थे मैच का उद्घाटन इन्हीं लोगों के कर कमलों द्वारा किया गया मैच के आयोजक मोहम्मद नईम मोहम्मद राजू हैए इस मौके पर गुलाम मुस्तफा ने कहा कि खेल जीवन में बहुत महत्व रखता है खेल से शरीर का विकास तो होता ही इससे मानसिक विकास भी होता है। उद्धघाटन मैच रामपुर और हल्दी के बीच खेला गया जिसमे रामपुर ने मैच अपने नाम किया। इस मौके पर मोहम्मद फैसल मोहम्मद कैफी आदि लोग शामिल रहे।

## मतदाता जब पहला बोट डालता है उसकी सोच क्रांतिकारी होती है : मोहितोष


बैठक में शामिल भाजपा कार्यकर्ता

**करछना।** भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनापार की मतदाता सूची पुनरीक्षण व इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन बुधवार को बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर मे आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के मंत्री मोहितोष नारायण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती ने किया। क्षेत्रीय मंत्री मोहितोश नारायण ने मतदाता पुनरीक्षण के महत्व को समझाते हुए यमुनापार जिले के 1528 बूथो पर मतदाओ को बढाने की अपील करते हुए कार्यकताओं को फार्म उपलब्ध कराते हुए कहा। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी यू ही नही बनी इसके पीछे हजारों कार्यकताओं के त्याग समर्पण और दिन रात की मेहनत के साथ सूचनाओं पर सोचना बन्द कर सूचना को मूर्त रूप देने मे प्रयासरत होने के कारण हुआ है। पहली बार जो मतदाता बोट डालने जाता है उसकी सोच क्रांतिकारी होती है। हम सब कार्यकताओं का राजनीतिक उद्देश्य है मतदाता बनाकर लोकतंत्र को मजबूत करते हुए मतदाता द्धारा जनप्रतिनिधि चुनकर सरकार बनाते हुए राष्ट्र निर्माण करते है। जिलाध्यक्ष ने इलाहाबाद झांसी स्नातक चुनाव की समीक्षा करते हुए मतदाता पुनरीक्षण पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, जगदीश सिंह यादव, राजेश्वरी तिवारी, जय सिंह पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, रामेश्वर पटेल, विजय शंकर शुक्ला, विक्रमाजीत मौर्य, सुरेश शुक्ला, कमलेश त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ल प्रचंड, हरिदेव धुरिया, पंकज द्विवेदी, अजय सिंह, प्रदीप पांडेय, नागेश्वर निषाद, श्याम बाबू केसरवानी, पंकज पांडेय, दिनेश प्रजापति, हृदयेश मिश्रा, दुर्गा पांडेय, आदि के साथ पूरे जिला के पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष बैठक मे मौजूद रहे।

### ओछे गीतों का चलन चिन्तनीय

**करछना।** आये दिन सवारी वाहनों और डीजे की धुनों पर बजाएं जा रहे फुहड़पन के पर्याय गीतों ने समाज का मजा किरकिरा कर दिया है।यह गीत युवा पीढ़ी के लिए मौज मस्ती के साधन बनते जा रहे है जो आज के बदलते दौर के लिए बहुत ही चिन्तनीय है। लोक साहित्यकारएहास्य कवि अशोक बेशरम ने साधुकूटी में आयोजित युवा कवि कलाकारों की एक बैठक के दौरान ऐसे गीतों पर चिन्ता जाहिर करते हुए कहा कि रस छन्द अलंकार, संस्कृति और परंपरा से दूर ऐसे गीतों के प्रति युवा पीढ़ी की रूझान और भी चिन्ता जनक है। उन्होनें अपनी माटी और मौसम के पर्याय रहे गीतों को सहेजने पर बल दिया। अन्य वक्ताओं ने भी कजरी, सोहर, सोहाग, नेहछू, लगवही, निरवही, फाग, चौताल, बेलवार, गारी, नटका और संस्कार, परम्परा से जुड़े गीतों को मंचों पर जीवंत करने और इसी तरह के गीतों के प्रचार प्रसार किए जाने की बात कही। अध्यक्षता वरिष्ठ लोकगायक राम अवध यादव और संचालन कवि जीतेन्द्र जलज ने किया।

## मेजा में कार हथियारबंद बदमाशों ने बारात से लौटी महिलाओं को लूट हुए फरार



**प्रयागराज ।** मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत कार सवार हथियार बंद बदमाशों ने मंगलवार देर रात बारात से वापस आ रही महिलाओं के वाहन को रोककर जमकर लूटपाट किया। इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंच महिलाओं का बयान दर्ज कर जांच में जुटी।

बकचूंदा ग्राम सभा के मटिही मजरा निवासी अमरनाथ पाण्डेय (कोटेदार) के पुत्र की बारात पसना, कोरांव गई थी। बारात में घर की महिलाएं भी गई थी, जो देर रात घर वापस आ रही थीं। घर से महज पांच सौ मीटर पहले हथियारबंद आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने महिलाओं की कार रोककर जमकर लूटपाट करते हुए चालक की पिटाई कर दिया। बताया जाता है कि बदमाश पांच औरतों से लाखों रुपये के जेवरात ले उड़े। सूचना पर चौकी इंचार्ज मेजारोड प्रीत पाण्डेय दलबल सहित मौके पर पहुंच, जांच-पड़ताल कर महिलाओं के साथ चालक का बयान दर्ज किया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### मत्स्य विभाग को मिले 11 सहायक निदेशक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग में सहायक निदेशक मत्स्य पद पर सफल उम्मीदवारों की सूची लोक सेवा आयोग ने अपनी अधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी। आयोग की ओर से 11 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गये थे। साक्षात्कार के बाद ऋचा चौधरी, गिरीश त्रिपाठी, आशीष कुमार मौर्य, अनीता, विभा लोहानी, पूजा गौतम, मुक्ता सिंह, जितेन्द्र कुमार प्रशांत गंगवार, विनोद कुमार वर्मा एवं सुमित कुमार का नाम सफल अभ्यर्थियों की सूची में शामिल रहा। साक्षात्कार 26 एवं 27 नवम्बर को हुआ था। 7 पद अनारक्षित, 1 अनुसूचित जाति, 3 पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित थे(

### मोटर दुर्घटना वादों से सम्बंधित मामलों के निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल का आयोजन 5 को

**प्रयागराज।** बी0एम0 त्रिपाठी, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि दिनांक 12.12.2020 को लोक अदालत का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार किया जाना है। मोटर दुर्घटना वादों से सम्बंधित मामलों के निस्तारण हेतु दिनांक 05.12.2020 को प्री-ट्रायल का आयोजन मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, प्रयागराज उत्तरी/दक्षिणी में समय 02:00 बजे से 04:00 बजे तक किया जाएगा।

## माघ मेला-2021 के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा की जा रही विस्तृत तैयारी

### कोविड -19 को देखते हुए की जा रही विशेष व्यवस्था



**प्रयागराज।** महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे राजीव चौधरी ने अपर महाप्रबंधक रंजन यादव, प्रमुख विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा सहित मुख्यालय एवं प्रयागराज मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ माघ मेला -2021 की तैयारियों की समीक्षा की। उत्तर मध्य रेलवे ने माघ मेला 2021 के दौरान प्रयागराज आने और वापस जाने वाले तीर्थयात्रियों के सुरक्षित और आरामदायक परिवहन के लिए विस्तृत योजना बनाई है। इस समीक्षा बैठक में, पिछले माघ मेले के दौरान की गई व्यवस्थाओं, इस साल की मेला चुनौतियों, आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों, परिवहन योजना एवं वांछित सहायता आदि को समाहित करते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा एक विस्तृत पावरप्वाइंट प्रस्तुतीकरण किया गया।

प्रयागराज क्षेत्र में आधारभूत संरचना के कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए सुपरफास्ट वाशिंग लाइन, जी+ 5 मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, स्काईवॉक, प्रयागराज जंक्शन स्टेशन के प्लेटफार्म नं 7 और 8 पर रीसर्फेसिंग सहित प्रयागराज छिवकी, नैनी और अन्य स्टेशनों पर अन्य मेला सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रयागराज मंडल द्वारा दी गयी प्रस्तुतिकरण में माघ मेला -2021 ,जिसमें सिविल प्रशासन के आंकलन के अनुसार भीड़ पिछले माघ मेला जैसी रहने के आसार हैं, के प्रबंधन के लिए माघ मेला -2020 में वास्तविक ऑउटवर्ड रेल यात्रियों और संचालित विशेष रेलगाड़ियों के बारे विस्तार से बताया गया। पिछले माघ मेला अनुभव के साथ ही, वर्तमान में नियमित ट्रेनों के संचालन और कोविड-19 के द्दष्टिगत परिवहन क्षमता के हिसाब से माघ मेला -2021 के लिए विशेष ट्रेनों की आवश्यकता का आंकलन किया जा रहा है।

पिछले मेले की तरह, मुख्य स्नान अवधि के दौरान मुख्य स्टेशनों पर प्रवेश और निकास के लिए रेल और सिविल प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित किए गए अलग-अलग प्रवेश, निकास और संपर्क मार्ग आदि को संयुक्त रूप से जारी किया जाएगा। सभी स्टेशनों पर अधिकारियों के स्तर पर मेला नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा जो प्रयागराज जंक्शन पर स्थापित किए जाने वाले मुख्य नियंत्रण कक्ष से केंद्रीयकृत रूप से जुड़े होंगे।

विभिन्न रेलवे स्टेशनों, मेला क्षेत्र और शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सीसीटीवी फीड केंद्रीय नियंत्रण टॉवर में उपलब्ध कराई जाएगी।

संचार के लिए पर्याप्त व्यवस्था जैसे हॉट लाइन, वीएचएफ सेट, कंट्रोल फोन, पीए सिस्टम आदि स्टेशनों और नियंत्रण टावरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पिछले वर्षों की तरह, मेला क्षेत्र में पूछताछ और टिकटिंग प्रणाली युक्त यात्री सुविधा केंद्र और प्रदर्शनी की योजना भी बनाई गई है। पर्याप्त आपातकालीन उपाय जैसे एम्बुलेंस, मेडिकल टीम, अग्निशमन व्यवस्था आदि की योजना बनाई गई है और इन व्यवस्थाओं की वास्तविक प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। पर्याप्त सूचना बोर्ड, स्टेशनों और यात्री आश्रयों की सूचना तथा दिशा-वार यातायात की कलर कोडिंग हेतु संकेतकों के प्रावधान के साथ ही जनता तक सूचना के प्रसार की विस्तृत योजना भी बनाई गई है। मेला के सुचारू संचालन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा, वाणिज्य, परिचालन और अनुरक्षण कर्मियों की भी व्यवस्था की जा रही है। अतिरिक्त टिकट काउंटरों को संचालित करने के अलावा, मोबाइल टिकटिंग यूनिट और हैंड हेल्ड टएळट का प्रयोग किया जाएगा।

इन मानक व्यवस्थाओं के अलावा, उत्तर मध्य रेलवे कोविड -19 के वर्तमान संकट के दौरान तीर्थयात्रियों के सुरक्षित और कुशल परिवहन के द्दष्टिगत जरूरी आवश्यकताओं के लिए भी योजना बना रहा है। इन व्यवस्थाओं में यात्रियों की स्क्रीनिंग और कोविड -19 लक्षण वाले यात्रियों के लिए विशेष चिकित्सा बूथों की स्थापना, यात्री आश्रयों, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में फिजिकल डिस्टेंसिंग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था; पर्याप्त सैनेटाइजर डिस्पेंसर और हाथ की स्वच्छता संबंधी अन्य प्रावधान; प्रत्येक ट्रेन की क्षमता के अनुसार सीमित यात्रियों को अलग करना; यात्री आश्रयों, प्लेटफार्मों, ट्रेनों और यात्रियों के संपर्क में आने वाले अन्य स्थानों की लगातार सफाई आदि शामिल हैं।

महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने निर्देशित किया कि सिविल प्रशासन के अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बैठकों के अलावा, उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के साथ समन्वय की आवश्यकता वाले विषयों की भी मॉनिटरिंग की जाए।

## शुआट्स छात्र को राजस्थान लोक सेवा आयोग में मिली दोहरी सफलता

**प्रयागराज।** शुआट्स के छात्र ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में दोहरी सफलता प्राप्त की है जिसका श्रेय उन्होंने निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल व विश्वविद्यालय शिक्षकों के मार्गनिर्देशन को दिया। छात्र की सफलता पर विनोद बी. लाल ने कहा कि शुआट्स शिक्षकों द्वारा सदैव गुणवत्तापरक शिक्षा व अनुसंधान कराया जाता है जिसका परिणाम है कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें देश-विदेश में उच्च पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों का भी प्रोत्साहन किया।


पीआरओ एवं मीडिया प्रभारी डा. रमाकान्त दूबे ने बताया कि कि शुआट्स छात्र गोपाल पालीवाल को राजस्थान लोक सेवा आयोग में दोबारा चयन हुआ

### विश्वविद्यालय शिक्षक दे रहे गुणवत्ता परक शिक्षा व शोध : विनोद बी. लाल

है। गोपाल पालीवाल का पहली बार राजस्थान लोक सेवा आयोग में असिस्टेन्ट एग्रीकल्चर आफीसर के पद पर चयन हुआ था। इस बार पुनः गोपाल का चयन राजस्थान एजूकेशन सर्विसेस के तहत लेक्चरर (स्कूल एजूकेशन) के पद पर हुआ है। गोपाल की इस दोहरी सफलता के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन ने भी बधाई दी। बता दें कि गोपाल पालीवाल ने काठमांडू, नेपाल में ह्यग्लोबल इनीशिएटिव इन एग्रीकल्चरल एण्ड अप्लाईड साइंसेस फार इको फ्रैण्डली एन्वायरोमेन्टह्न विषय पर आयोजित तीसरी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया था।

## माघ मेला में कोरोना महामारी को लेकर मेला प्रशासन की खास तैयारियां

### हर रोज होगा 5000 लोगों का कोरोना टेस्ट, मेला क्षेत्र में मरीजों का होगा इलाज



**प्रयागराज।** संगम की रेती पर तंबुओं का शहर बसाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां करना शुरू कर दी है ' एक तरफ जहां माघ मेला प्रशासन तैयारियां शुरू कर दी है वहीं दूसरी तरफ वैश्विक कोरोना महामारी से बचाव के लिए खास इंतजाम करने जा रही है। ठंड की वजह से कोरोना महामारी की रफ्तार की आशंका को देखते हुए माघ मेला संपन्न कराना प्रशासन के लिए चुनौती है। प्रशासन मेले में कोरोना को लेकर खास नजर रहेगी। मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की कोरोना टेस्ट किया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति पॉजिटिव पाया जाता है तो उसे बेली कोरोना वार्ड में भर्ती कराया जाएगा। 14 जनवरी से संगम तट पर लगने वाला माघ मेला इस कोरोना काल में आयोजित होने जा रहा है। मेले को संक्रमण मुक्त कराना स्वास्थ्य विभाग के साथ ही प्रशासन के लिए चुनौतियों से भरा होगा। ऐसे में विभाग की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालु यदि कोरोना संक्रमित पाए जाते हैं तो उन्हें इलाज के लिए कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया जाएगा। मेला क्षेत्र में कोरोना की व्यापक स्तर पर जांच कराने को कहा गया है। हर दिन करीब पांच हजार लोगों का टेस्ट किया जायेगा। जांच ही नहीं इलाज की भी बेहतर व्यवस्था रहेगी। मेले में मिलने वाले सभी ऐसे संक्रमित जिनमें कोई लक्षण नहीं होंगे उन्हें सरकारी एंबुलेंस से अस्पताल भेजा जाएगा। यदि किसी मरीज की स्थिति गंभीर होती है तो उसे लेवल टू के बेली या लेवल थ्री के कोविड अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि कोरोना काल के चलते इस बार मेला का प्रसार कम होगा। साथ ही लोगों के कम आने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

## कुएं में गिरने से युवक की मौत

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के नारीबारी पुलिस चौकी क्षेत्र में एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। यह मामला चौकी क्षेत्र के ग्रामसभा लोनीपार देवरा का है। बाद में शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को चीरघर भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी क्षेत्र नारीबारी के ग्रामसभा देवरा निवासी कमलेश मांझी (23) पुत्र राम बिहारी आज कुएं में गिरककर काल कवलित हो गया। बताया जाता है कि उसे मिर्गी की बीमारी थी और इसी बीमारी के कारण आज दौरा पड ? के उपरांत वह कुएं में गिर पड़ा और जब तक उसे बचाया जाता, उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। इस हादसे की सूचना पर स्थानीय लोगों के साथ चौकी प्रभारी जगदीश कुमार मौके पर पहुंचे और शव का बाहर निकलवाया। चौकी प्रभारी जगदीश ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को चीरघर भेज दिया गया है। कमलेश मांझी का विवाह नहीं हुआ था। इस हादसे से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड चुनाव में मतों की गणना आज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड चुनाव में मतों की गणना आज यानी गुरुवार को होगी ' देर शाम तक नतीजे आने की संभावना जताई जा रही है ' चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे सभी प्रत्याशी झांसी मे में डेरा जमा लिए हैं बैलेट पेपर से मतदान होने की वजह से वोटों की गिनती में अधिक समय भी लग सकता है। इससे पूर्व सभी प्रत्याशी अपने अपने तरीके से हार जीत के गणित बैठाने में लगे रहे।

इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड चुनाव में इस बार कुल 16 दावेदार मैदान में हैं। इनमें सब से अधिक नौ उम्मीदवार प्रयागराज के हैं। एक प्रत्याशी कौशांबी, एक फतेहपुर, एक जालौन, एक झांसी, एक चित्रकूट से तो दो दावेदार बांदा के हैं। प्रयागराज के सभी उम्मीदवारों ने मतदान के बाद अपने समर्थकों के साथ बैठक की और मतदान के प्रतिशत व नतीजों का आकलन भी किया। उसके बाद सभी लोग झांसी के लिए रवाना हो गए। कम वोटिंग का प्रतिशत हर किसी के लिए चिंता का सबब रहा। हालांकि उम्मीदवारों ने इसके लिए अपने अपने तरीके से करण तय किए। किसी ने सहालग को कम वोटिंग की वजह बताई तो किसी ने कोरोना को कारण माना।

### हार-जीत की गणित बैठाते रहे उम्मीदवार

इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड चुनाव में कुल मतदान का प्रतिशत 41.6 रहा। जब कि प्रयागराज जिले में यह प्रतिशत सिर्फ 37.4 रहा। एक लाख छप्पन हजार आठ सौ उनतीस मतों में से सिर्फ 65216 वोट पड़े। इनमें से प्रयागराज में 23954, कौशांबी में 5442, फतेहपुर में 6592, चित्रकूट 2631, बांदा 5283, हमीरपुर 3596, महोबा 2472, जालौन 6436, झांसी 5496 और ललितपुर में 3408 वोट पड़े। दावेदारों का कहना है कि पिछली बार कुल 28 उम्मीद मैदान में थे। वोटरों की संख्या भी अधिक थी। सूची में 194000 वोटर शामिल थे जब कि 92000 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इस बार कम प्रत्याशी होने से वोटों का बटवारा भी कम होगा। द्वितीय वरीयता के वोट भी अधिक प्रभावी नहीं होने की उम्मीद है।

### एसीएफ-आएफओ मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** सहायक वन संरक्षक अधिकारी-क्षेत्रीय वन अधिकारी (एसीएफ-आरफओ) मुख्य परीक्षा-2018 के अन्तर्गत हुई लिखित परीक्षा का परिणाम लोक सेवा आयोग ने बुधवार को जारी कर दिया। मुख्य परीक्षा से साक्षात्कार के लिए 294 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। मुख्य परीक्षा का आयोजन 23 फरवरी से 6 मार्च तक लखनऊ के विविध परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई थी। 92 पदों के लिए हो रही एसीएफ-आरएफओ परीक्षा-2018 की मुख्य परीक्षा में 746 अभ्यर्थी शामिल हुये थे। साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची आयोग की अधिकारिक वेबसाइट एवं आयोग कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई है। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों प्राप्तांक, कट ऑफ अंक आदि की सूचनाएं परीक्षा के अन्तिम चयन परिणाम घोषित होने के बाद घोषित की जायेंगी। आयोग सचिव जगदीश ने बताया कि परीक्षा में शामिल उत्तर प्रदेश के बाहर की महिला अभ्यर्थियों परिणाम उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगा।

## ईमानदार शिक्षक से मजदूर का बटुआ मिला, चेहरे पर दिखी खुशी की मुस्कान

**सहसों।** शिक्षक आज भी समाज में दूसरों के लिए ईमानदारी का उदाहरण बने हुए हैं द्य शिक्षा के अतिरिक्त सामाजिक सरोकार से जुड़े ईमानदारी तथा कठिन परिश्रम की सीख देने वाले शिक्षक आज भी ईमानदारी की मिसाल बने हैं । क्षेत्र के संदलपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बनवारी लाल पटेल थरवई थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव में वैवाहिक कार्यक्रम में गए हुए थे। वहां से वापस लौटते समय सेमरी गांव में उन्हें एक बटुआ गिरा हुआ मिला था । रात होने के कारण उन्होंने उस बटुए को अपने सहयोगी सेमरी गांव के ही शिक्षक जितेंद्र सिंह को सौंपते हुए कहा कि उस व्यक्ति को खोज कर उसे सौंप दिया जाए। इस बात को लेकर शिक्षक जीतेंद्र सिंह ने बटुए में खोजना शुरू किया। जिसमें उन्हें एक मोबाइल नंबर प्राप्त हुआ। उसके माध्यम से बातचीत करने पर पता चला कि थरवई थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी गरीब मजदूर शिव कुमार हरिजन का बटुआ है। जो वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहा था रास्ते में कहीं गिर गया। बटुए में 3548 रुपए के अतिरिक्त कागजात थे। जिसे शिक्षक जीतेंद्र सिंह ने मजदूर को सौप दिया। मजदूर सहित उपस्थित कई लोगों की आंखें खुशी से आंसू छलक उठी । लोग अनायास ही कह पड़े कि एक गरीब मजदूर की खुशी एक शिक्षक ने वापस कर दिया । आज भी ईमानदारी तथा समाज सुधारक की मिसाल शिक्षक बने हुए हैं। इस बात की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### सीमा विस्तार के बाद शहर में हो गए 240 परिषदीय स्कूल

**प्रयागराज।** नगर निगम सीमा विस्तार के बाद शहर में परिषदीय स्कूलों की संख्या 240 हो गई है। पहले शहर में एक से पांच तक के परिषदीय प्राथमिक 53, 6 से 8 तक के उच्च प्राथमिक 4 और एक से 8 तक के कम्पोजिट 30 विद्यालयों को लेकर कुल 87 स्कूल थे। अब यह संख्या बढ़कर ढाई गुने से अधिक हो गई है। हालांकि अभी नए जुड़े स्कूलों का संचालन खंड शिक्षाधिकारी नगर कार्यालय से नहीं हो रहा है। लेकिन इन्हें शहरी सीमा में मानते हुए ही 69000 भर्ती में नियुक्त शिक्षकों का पदस्थापन नहीं हो रहा है। ऑनलाइन पदस्थापन के लिए बने पोर्टल से इन 153 स्कूलों का नाम हटा दिया गया है। नए जुड़े स्कूलों में कौड़िहार के 26, सोरांव के 24, बहादुरपुर 51 और चाका के 52 स्कूल शामिल हैं। नगर निगम का विस्तार होने के बाद 153 स्कूल शहर में जुड़े हैं। हालांकि अभी इनका संचालन संबंधित खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय से ही हो रहा है। इनमें 69000 भर्ती के शिक्षकों का पदस्थान नहीं किया जा रहा है।

## पुलिस की गिरफ्त में आया किशोरी के अपहरण का आरोपी

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से की गई है। गिरफ्त में आए आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत यह गिरफ्तारी शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने अपनी टीम के साथ आज की। पुलिस के मुताबिक शंकरगढ़ क्षेत्र के पूरे भट्ठ के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की तहरीर दी थी। इस मामले की एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त प्रकरण के आरोपी लक्ष्मण सिंह पटेल पुत्र रामसुमेर सिंह (निवासी सिंहगढ़, बरगढ़, चित्रकूट) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस प्रकरण में वादी की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 418/2020 धारा 364 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था। बाद में पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर उसका मेडिकल परीक्षण करवाया। मेडिकल रिपोर्ट आने के उपरांत धारा 161/164 सीआरपीसी के बयानों के आधार पर धारा 363, 366, 376, 328, 506 व पाक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट का भी केस दर्ज किया गया। इस गिरफ्तारी में एसओ राजेश उपाध्याय के साथ एसआई अमित कुमार सिंह, कांस्टेबल मोनू राजपूत भी मौजूद थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

## इंसानी लापरवाही में चली गई बेजुबान की जान

**शंकरगढ़।** वन विभाग और पशु चिकित्सक की लापरवाही के कारण एक बंदर को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। इसे लेकर लोगों में खासा रोष है। बताया जाता है कि शंकरगढ़ के वार्ड नंबर नौ राजा कोठी निवासी अजीत श्रीवास्तव के दरवाजे के पास एक बंदर बीमार पड़ा था। बंदर की हालत खराब देख उन्होंने उसकी तीमारदारी शुरू की और इलाज के लिए शंकरगढ़ पशु डाक्टर को फोन किया। पशु चिकित्सक की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर अजीत श्रीवास्तव ने वन विभाग को अवगत करवाया, लेकिन वन विभाग ने भी बंदर की जान बचाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। हालांकि इस दौरान वह अन्य स्त्रोतों से बीमार बंदर का इलाज करवाने में डटे रहे, लेकिन बंदर की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती गई। हालत खराब होती देख वह बंदर को लेकर जिला मुख्यालय जाने लगे, लेकिन बीमार बंदर अस्पताल नहीं पहुंच पाया, इसके पहले ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए। वन विभाग और पशु चिकित्सक के रवैए पर अजीत श्रीवास्तव सहित स्थानीय लोगों ने खासी नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि जब पशु चिकित्सकों को किसी का इलाज ही नहीं करना तो सरकार हर माह इनकेवेतन पर लाखों रुपये क्यों खर्च कर रही है। आज लोगों ने पूरे श्रद्धाभाव से बंदर का अंतिम संस्कार कर दिया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## ई-लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर को

**प्रयागराज।** ई-लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से सम्बंधित वादों का निस्तारण किया जाना अपेक्षित। बी0एम0 त्रिपाठी, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि सचिव, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार दिनांक 12.12.2020 को प्रातः 10:00 बजे ई-लोक अदालत का आयोजन मोटर दुघर्टना दावा अधिकरण, प्रयागराज में किया जाना अपेक्षित है, जिसमें अधिकाधिक मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, प्रयागराज से सम्बंधित वादों का निस्तारण किया जाना अपेक्षित है।

## अधिशाषी अधिकारी शेर बहादुर के निधन पर कार्यालय में हुई शोकसभा

**शंकरगढ़।** जनपद के यमुनापार एरिया में स्थित नगर पंचायत शंकरगढ़ के अधिशाषी अधिकारी शेर बहादुर के नगर पंचायत कार्यालय के समस्त स्टाफ के साथ क्षेत्रीय लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। आज लोगों ने सरल व्यक्तित्व के धनी ईओ को याद कर पुष्पांजलि अपित की। अधिशाषी अधिकारी शेर बहादुर के निधन पर पर नगर पंचायत कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया, इस दौरान लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस शोकसभा में नगर पंचायत के चेयरमैन लल्लू कनौजिया, लिपिक प्रदीप कुमार, रफीक अहमद, अमित कुमार, मनीष केसरवानी, अंशुमान, अखिलेश द्विवेदी, सभासद सुधा गुप्ता, सुशील पांडेय, सुजीत केसरवानी, सतीश कुमार त्रिपाठी, गोलू, सुनीता, युवराज सिंह, कमलेश, सूरज, संजय, कमलेश, पप्पू, दीपू आदि नगर पंचायत शंकरगढ़ के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

इसी तरह क्षेत्र के कई अन्य स्थानों पर शोकसभा का आयोजन कर ईओ को पुष्पांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि बीते 23 नवंबर की शाम ईओ को ब्रेम हैमरेज हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे अपोलो हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती करवाया गया, जहां जांच के दौरान उनकी कोरोना रिपोर्ट भी पाजिटिव आई। एक दिसंबर को इलाज के दौरान उनका अस्पताल में निधन हो गया। सरल व मिलनसार स्वभाव के शेर बहादुर नगर पंचायत शंकरगढ़ में पिछले दो वर्ष से तैनात थे और नगर पंचायत शंकरगढ़ के रानीगंज मोहल्ले में किराए के कमरे में रहते थे। बीते 23 नवंबर की शाम को वह कमरे पर पहुंचने के बाद उनकी तबियत खराब हुई और वह लडखड़ाकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हे अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत शहर के लिए रेफर कर दिया गया। शहर में भी आराम नहीं होने पर ईओ को आगे के लिए रेफर किया गया। ब्रेन हैमरेज के शिकार ईओ को अपोलो हास्पिटल लखनऊ ले जाया गया, जहां जांच के दौरान वह कोरोना पाजिटिव भी पाए गए थे। मंगलवार को अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।



अधिशाषी अधिकारी शेर बहादुर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए

# स्कॉर्पियो पर पलटा ओवरलोड ट्रक, 8 की मौत

## बुधवार की भोर 3:00 बजे हुआ हादसा, दर्दनाक हादसे का मंजर देख दहले लोग

### गैस कटर लगाकर ट्रक और स्कॉर्पियो की बॉडी काटकर उसमें फंसे मृतकों के शव को बाहर निकाला गया



हादसे के बाद घटनास्थल का मंजर

**कौशांबी कड़ाधाम।** कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज चौराहा के पास बुधवार की भोर 3:00 बजे ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रक के अनियंत्रित ट्रक के चालक के चलती ट्रक से कूद जाने से ट्रक सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो पर पलट गया ट्रक पलट जाने से स्कॉर्पियो में सवार चालक सहित आठ बाराती सभी उसमें दब गए और मौके पर 8 लोगों की मौत हो गई।

भयंकर तेज आवाज सुनकर आसपास घरों में सो रहे लोग जाग गए और बाहर निकल आए हादसा देख कर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी 8 लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक समेत कई थानों की फोर्स क्षेत्राधिकारी उप जिला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए जेसीबी मशीन से सड़क और स्कॉर्पियो पर फैली गिट्टियों को हतकर गैस कटर से ट्रक और स्कार्पियो की बॉडी को काटकर स्कॉर्पियो में फंसी ऑटो लाश को पुलिस ने बाहर निकाला पुलिस ने हादसे में मृतक लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और देर शाम पोस्टमार्टम हो जाने के बाद सभी मृतकों के शव की चिता जला दी गई।

घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के शहजाद पुर गांव निवासी पंकज कुमार अग्रहरि पुत्र मोहनलाल की देवीगंज कस्बे के महेश्वरी गार्डन में बारात गई थी फतेहपुर जनपद के मवई निवासी विमला देवी पुत्री देवनारायण के साथ पंकज की शादी की बारात में शामिल होने गए लोग रात 2:30 बजे महेश्वरी गार्डन से वापस सहजादपुर जा रहे थे स्कॉर्पियो को शिवराम सरोज बालक मऊ कोखराज निवासी चला रहा था लेकिन रात अधिक होने से वह रास्ता भटक गया प्रतापगढ़ सीमा तक पहुँच जाने के बाद वह फिर वापस लौटकर गार्डन के पास आ गया स्कॉर्पियो खड़ा करने के बाद वह शहजाद पुर का रास्ता पूछ रहा था इसी बीच स्कार्पियो गाड़ी से दो लड़कियां नीचे उतर गई सामने से तेज गति से आ रहा ट्रक सड़क के गड्ढे से अनियंत्रित हो गया ट्रक के अनियंत्रित होते ही चलती ट्रक से चालक सड़क पर कूद गया चालाक के ट्रक से कूदते ही ट्रक खड़ी स्कॉर्पियो के ऊपर पलट गई।

ट्रक में गिट्टी का चूरा लाद कर चित्रकूट से प्रतापगढ़ की ओर जा रही ट्रक के पलटते हैं ही स्कार्पियो सवार सभी बाराती ट्रक के नीचे दब गए और मौके पर स्कार्पियो चालक समेत सभी बारातियों की मौत हो गई ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के घरों में सो रहे लोग बाहर निकले और भयंकर हादसा देखने के बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी घटनास्थल पर डीएम एसपी समेत एसडीएम क्षेत्राधिकारी और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई सिराथू विधायक भी मौके पर पहुंचे जेसीबी मशीन लगाकर स्कॉर्पियो के ऊपर से ट्रक की गिट्टी हटाई गई और गैस कटर लगाकर ट्रक और स्कॉर्पियो की बॉडी काटकर उसमें फंसे मृतकों के शव को बाहर निकाला गया इस हादसे में चालक समेत आठ बारातियों की मौके पर मौत हो गई है मृतकों में पूनम पत्नी हनुमान 40 वर्ष,मुस्कान पुत्री हनुमान 16 वर्ष रोशनी पत्नी बसंत 50 वर्ष नेहा पुत्री बसंत 28 वर्ष,शशि पुत्री रमेश ओम पुत्र रमेश सीमा पुत्री सोनू तिवारी 16 वर्ष स्कार्पियो चालक शिवराम सरोज पुत्र हरिनारायण शामिल है।

### एआरटीओ की ओवरलोडिंग ने लील ली आठ जिंदगी

**कौशाम्बी।** बालू गिट्टी की ओवरलोड ट्रक डम्फर बेखौफ तरीके से सड़कों पर दौड़ते हैं और जब कभी चालको का वाहनों से नियंत्रण खत्म हुआ तो चालक चलते वाहन से कूद जाते हैं इसके पहले भी कई हादसे हो चुके हैं लेकिन जिले में एआरटीओ कि ओवरलोडिंग ट्रकों पर अंकुश नहीं लग सका है आखिर एक साथ आठ लोगों की मौत पर ओवरलोडिंग के मामले को क्या सरकार गंभीरता से लेगी और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने में फेल हो चुके एआरटीओ पर शासन कार्यवाही करेगी।

### सड़कों पर गड्ढे बन रहे दुर्घटना का कारण

**कौशाम्बी।** ओवरलोड वाहनों के सड़कों पर दौड़ने से सड़के जल्द खराब होती हैं और खराब सड़क की मरम्मत विभाग द्वारा नहीं हो पाती है सब कुछ मूकदर्शक तरीके से शासन सत्ता के लोग देख रहे हैं सड़कों पर गड्ढे के चलते दुर्घटनाएं बढ़ी हैं और देवीगंज चौराहे के पास स्कॉर्पियो पर ओवरलोड ट्रक के पलट जाने से 8 लोगों की मौत के मामले में भी सड़क का गड्ढा प्रमुख कारण बन गया है लेकिन क्या सड़क के गड्ढे योगीराज में खत्म होंगे

### चालक का वाहन से कूदना बना आठ लोगों की मौत का कारण

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज चौराहे के पास स्कॉर्पियो सवार 8 लोगों पर ट्रक पलटने के पीछे ट्रक चालक का चलती ट्रक से कूद जाना मुख्य कारण बना है यदि परिवहन विभाग के चालक के नियमों की बात करें तो अपनी जान देने के बाद भी दूसरे की जान बचाना चालक का कर्तव्य है यदि चालक ने अपनी जान बचाने के लिए वाहन को सड़क पर चलते हुए छोड़ दिया है तो यह दुर्घटना नहीं मानी जाती है और सीधा आठ लोगों की मौत का जिम्मेदार चालक को माना जाता है क्या पुलिस आठ लोगों की मौत का जिम्मेदार चालक को मानेगी या फिर 8 लोगों की मौत को पुलिस हादसा मानकर इस गंभीर अपराध को जानबूझ कर करने वाले ट्रक चालक की दुर्घटना में गिरफ्तारी कर जेल भेजेगी या फिर चालक नियमावली के अंतर्गत चालक पर मुकदमा दर्ज कर उसके गुनाह पर उसे कठोर सजा दिलाएंगी।



हादसे में चकनाचूर हुई स्कार्पियो

### एडीजी आईजी पहुंचे घटनास्थल



घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते एडीजी व डीआईजी

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज चौराहे के पास ओवरलोड बालू लदे ट्रक के अनियंत्रित होने के बाद चालक के ट्रक से कूद जाने से बारातियों से भरी स्कॉर्पियो पर ट्रक पलट जाने के बाद 8 लोगों की मौत की जानकारी मिलने पर प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस महा निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे हैं दोनों पुलिस अधिकारियों ने हादसे की जानकारी ली है और उन्होंने अधीनस्थों को तमाम दिशा निर्देश दिए हैं।

### आखिर आठ मौत का जिम्मेदार कौन?

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के देवीगंज के पास ओवर लोड ट्रक के गड्ढे में अनियंत्रित होने से ट्रक चालक के चलती ट्रक से कूद जाने के बाद ट्रक के बारातियों से भरी स्कार्पियो के ऊपर पलट जाने से हुई आठ मौत का जिम्मेदार कौन है आखिर सड़क पर गड्ढा होने से ट्रक अनियंत्रित हुई सड़क के निर्माण में धांधली करने वाले जिम्मेदार इसके दोषी हैं या फिर एआरटीओ विभाग की लापरवाही और संलिप्तता से ओवरलोड ट्रक सड़कों पर दौड़ती हैं जो दुर्घटना का कारण बनती है तो एआरटीओ विभाग इस मौत का जिम्मेदार है या फिर सब कुछ आंखों से देखने के बाद कार्यवाही करने का साहस पुलिस नहीं कर पाती है इसलिए हादसों का जिम्मेदार पुलिस है यह तमाम सवाल आठ मौत के बाद लोगों के जेहन में कौंध रहा है।

# संविदा तथा निविदा विद्युत कर्मियों ने नियमतीकरण व समान वेतन को लेकर भरी हुंकार






बिलजी कर्मचारी संघ के सम्मेलन में परिचर्चा में शामिल हुए अतिथि व बिजली कर्मचारी संघ के सम्मेलन में प्रतिभाग करते विद्युत कर्मी

**प्रतापगढ़।** नगर के एसडीओ विद्युत कार्यालय परिसर में बुधवार को उत्तरप्रदेश बिजली कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक सम्मलेन संपन्न हुआ। सम्मेलन में संविदा तथा निविदा विद्युत कर्मियों के नियमतीकरण व पेंशन सुविधा एवं इपीएफ घोटाले की जांच व विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध समेत कई प्रस्ताव पारित हुए। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पूर्वांचल बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निखलेश सिंह ने कहा कि सरकार मजदूरों तथा संविदा कर्मियों को समान कार्य के अनुरूप समान वेतन नही देकर मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। उन्होने कहा कि जनता तथा किसानों को सस्ती बिजली मुहैया कराते हुए सरकार संविदा और निविदा कर्मियों को उनकी मेहनत के अनुरूप वेतन तथा पेंशन नही प्रदान करती तो उनका संघ आन्दोलन करेगा। सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष हेमन्त नन्दन ओझा ने मजदूरों तथा संविदा एवं निविदा कर्मियों की कठिनाईयों का खाका प्रस्तुत किया। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने संघ के प्रस्तावों को विधायक तक पहुंचाए जाने के साथ संघर्ष में हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिलाया। जूनियर इंजीनियर संघ के जिलाध्यक्ष सीलवंत सिंह ने संघ के अब तक किए गए संघर्षों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सम्मेलन की अध्यक्षता डिवीजन अध्यक्ष कमलेश तिवारी व संचालन शिवमूरत ने किया। मंत्री रामेंद्र मिश्रा ने आभार जताया। सम्मेलन को अधिशासी अभियन्ता एके सेठ, ईओ सुभाषचंद्र सिंह, प्रमुख ददन सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, एसडीओ लालगंज आशुतोष कुमार, सांगीपुर एसडीओ एके शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य कमलेश, विजय बहादुर सिंह, लतीफ, रामप्रकाश, नारेंद्र, अवर अभियंता प्रमोद यादव ने भी सम्बोधित किया।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**चाकवन कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में सांड को बचाने के चक्कर में एक कार चालक ने एक युवक को टक्कर मार दिया है जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया है लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी है युवक कासिया गांव का रहने वाला बताया जाता है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही पूरा गांव सड़क पर आ गया चक्का जाम की आशंका पर कई थाने की फोर्स और पुलिस आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया गांव के हाइवे पर एक तेज गति इको कार सांड से भीषण टक्कर के कारण रोड़ पार कर दूसरी तरफ जा पहुँची और काशिया गांव निवासी नितिन मौर्य उम्र 32 वर्ष पुत्र पोला मौर्य को कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया लोगों के अनुसार गंभीर स्थित में युवक को कोखराज पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है अस्पताल पहुचने के पूर्व ही घायल युवक की मौत हो गयी है घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश और चक्का जाम की आशंका पर कई थाने की फोर्स के साथ अधिकारी मौके पर पहुँच गए है।

### जिला सैनिक बन्धु की बैठक आज

**कौशाम्बी।** ले0 कर्नल सुधीर कुमार चौधरी ने बताया है कि जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों/सेवारत सैनिकों एवं सैनिकों की विधवाओं की समस्याओं के सम्बन्ध में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 03.12.2020 को अपरान्ह कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में किया गया है। जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों/सेवारत सैनिकों एवं विधवाओं को उन्होंने सूचित किया है कि यदि उनकी कोई समस्या हो तो अपना प्रार्थना पत्र 2 प्रतियों में दिनांक 03.12.2020 को उक्त बैठक में उपस्थित होकर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि समस्याओं का तुरन्त निराकरण कराया जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। सभी भूतपूर्व सैनिकों सेवारत सैनिको एवं दिवांगत सैनिकों की पत्नियों से अनुरोध है कि उक्त बैठक में सम्मिलित हों और बैठक का लाभ उठायें।

# नाना के आदर्शों पर चलते हुए जनहित में सदैव रहूंगा तत्पर : युवराज




पूर्व विदेश मंत्री राजा दिनेश सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए

**प्रतापगढ़।** 30 नवम्बर 1995 को प्रतापगढ़ ही नहीं वरन भारत की भूमि को अपने कृत्यों से सुसज्जित कर दुनिया में अलग पहचान दिलाने वाले और 50 वर्ष मातृभूमि की सेवा में समर्पित करने वाले राजा दिनेश सिंह जी की पुण्यआत्मा ने परमात्मा के श्री चरणों प्रस्थान किया था। राजा दिनेश सिंह ने भारत की राजनीति के साथ ही जनता के दिलों में एक अलग स्थान बनाये थे जो उनके जाने के बाद रिक्त सा हो गया है।जिसे भर पाना आज तक सम्भव नहीं हो पाया हैं। उनके जैसा राजनैतिक कुशल व्यक्तित्व दूसरा दिखाई नहीं पड़ा। 19 जुलाई 1925 को कालाकांकर के राजा अवधेश सिंह के इकलौते पुत्र के रूप में इन दिव्य विभूति का जन्म हुआ।बचपन से ये बहुत होनहार रहे। भारत सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालयों की शोभा बढ़ाते हुए जनता के दिलों पर लगातार छाये रहे। प्रतापगढ़ को एटीएल फैक्ट्री की सौगात दी। कई शिक्षण संस्थाए दी।उक्त विशेषताओं को याद करते हुए लोगों ने उन्हें आज अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कालाकांकर के युवराज भुवन्यू सिंह जो कि उनके नाती हैं अपनी मां राजकुमारी रत्ना सिंह के साथ प्रतापगढ़ में अपने कार्यालय पहुंचे और अपने नाना राजा दिनेश सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको अपना आदर्श बताया।उन्होंने कहा मेरे आदर्श नाना जी राजा दिनेश सिंह जी (पूर्व विदेश मंत्री) आपकी पुण्यतिथि पर आपको सादर नमन करता हूं। मैं आपके द्वारा स्थापित आदर्शो और पदचिन्हों पर चलकर आपके नाम को और बुलंद कर सकूं इसी उद्देश्य के साथ जनसेवा में लगा हूँ। आपकी यादें हमें आंतरिक शक्ति देकर और अच्छा कार्य करने की प्रेरणा देती हैं। ईश्वर को कोटिशः आभार कि आपकी गोद में खेलकर बचपन का इतना प्यार ,दुलार और आशीर्वाद आपके नाती को सौभाग्य में मिला।

### एमएलसी चुनाव में अब जीत हार के लगने लगे कयास, बढ़ी धड़कन

**प्रतापगढ़।** शिक्षक तथा स्नातक विधान परिषद चुनाव के मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के दूसरे दिन अब प्रबुद्ध वर्ग में जीत हार को लेकर कयास तेज हो गया दिखा। तहसील तथा दीवानी परिसर एवं स्कूल कालेजों में लोग शिक्षक तथा स्नातक विधायक के चुनाव में अपने अपने समर्थक प्रत्याशियों की जीत का दावा करते दिखे। हालाकि इस बार स्नातक विधान परिषद चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत कम होने की चर्चा भी छायी दिखी। वहीं प्रत्याशियों के समर्थकों में जीतहार को लेकर धड़कन भी बढ़ी दिखने लगी है।

### सराय अकिल में बेकाबू पिकअप ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

**सराय अकिल कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कूरा गांव के पास बुधवार सुबह को एक बेकाबू पिकप ने साइकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चरवा थाना के लोही गांव निवासी संगम लाल पुत्र नानकु लाल बुधवार को दिन में 11 बजे साइकिल से लोही गांव से सराय अकिल बाजार समान लेने जा रहा था। जैसे ही वह कूरा गांव के पास पहुंचे इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकप ने पीछे से उन्हें रौंद दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना को देख आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही सराय अकिल थानाध्यक्ष विजय विक्रम सिंह, एसआई विनोद पांडेय, सिपाही प्रभात दुबे, राजन दुबे, सुनील यादव, वीरेंद्र यादव, महिला सिपाही शालिनी शुक्ला मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने पिकप व चालक को कब्जे में ले लिया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय विक्रम सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिकप चालक हिरासत में है।